






# एनएचएम के पत्रों ने खोली मझगवां में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल

## क्या होगा सुधार या फिर जारी रहेगा अनवरत जवाब तलब के कागजी कोरम का खेल

नवभारत न्यूज

**बरौंधा / मझगवां 5 जून, चित्रकूट नगरीय क्षेत्र के सुरंगी मे मासूम बच्चों की मौत कोई सामान्य घटना नही, बल्कि हमारे पूरे स्वास्थ्य तंत्र की सामूहिक उदासीनता का परिणाम थी। जी हां राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) द्वारा मझगवा बीएमओ और बीसीएम को जारी कारण बताओ नोटिस से तो यही प्रतीत हो रहा है कि मैदानी स्तर पर व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं.**






मगर सबसे बड़ा और सुलगता हुआ सवाल यह है कि अप्रैल माह के अंत में हुई उच्च स्तरीय जांच के महीने भर बाद भी सिर्फ कारण बताओ नोटिस और %जवाब-तलब% का कागजी कोरम ही क्यों चल रहा है ? इन पत्रों से परे, धरातल पर स्थाई सुधार आखिर कब आएगा ।पत्रों से निकला सच, वेंटिलेटर पर है मझगवां की जीवन रक्षक व्यवस्था मझगवां सीएचसी में स्वास्थ्य व्यवस्था खुद किस तरह वेंटीलेटर पर है इसका अंदाजा मिशन संचालक के कारण बताओ नोटिस से लगाया जा सकता है, पत्रों मे दर्ज यह बिंदु जिनके जवाब या तो साहबों को देने है या फिर दिए जा चुके हैं, व्यवस्था की सच्चाई का आइना है।

**मशीनें चालू, पर स्टाफ अनपढ़ -** नवजातों को जीवन देने वाले %रेडियंट वार्मर% बंद पड़े थे और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को इन्हें चालू करने तक का बुनियादी ककहरा नहीं मालूम था।

**डिजिटल ऐप में कैद फर्जीवाड़ा -** मैदानी अमले की मॉनिटरिंग का जिम्मा संभालने वाले जिम्मेदार अधिकारी (बीसीएम) का डिजिटल ऐप (ODK App) गवाही दे रहा है कि साल भर में 96 अनिवार्य विजिट के मुकाबले सिर्फ 15 बार ही विजिट किए गए बाकी समय दफ्तर में बैठकर सिर्फ कागजी खानापूर्ति की गई।

**ट्रेकिंग से गायब मासूम -** सुरंगी की विमला प्रजापति के जु?वां बच्चे अत्यधिक कम वजन के होने के बावजूद डिस्चार्ज के बाद उन्हें लावारिस छोड़ दिया गया, उनकी कोई होम विजिट नहीं हुई। यही हाल केमहा महतैन की मृत मासूम भूरी मवासी का रहा, जिसे समय पर कोई परामर्श ही नहीं मिला। पत्रों में जो लापरवाहियां उजागर हुई हैं, उनकी असली जड़ें स्थानीय प्रशासनिक तंत्र के उस ढर्रे मे छिपी हैं जो इस पूरे कुप्रबंधन को खाद-पानी दे रहा है!

**निजी क्लीनिक बनाम सरकारी जिम्मेदारी -** मझगवां बीएमओ का मुख्यालय पर न रहना और अपना पूरा ध्यान मझगवां अस्पताल की ओपीडी निपटाने, और शाम ढलने के बाद कोठी कस्बा स्थित अपने घर की क्लीनिक पर केंद्रित रखना ही इस लावारिस व्यवस्था का मुख्य कारण है। जब मुखिया ही निजी प्रैक्टिस चमकाने में व्यस्त रहेगा, तो अधीनस्थ अमला क्यों काम करेगा । मझगवां ब्लॉक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पत्रों द्वारा प्रमाणित यह खौफनाक हकीकत सामने आना बेहद गंभीर विषय है।

पत्र जारी होना और उनका गोलमोल जवाब देना तो बरसों से चली आ रही एक प्रशासनिक रस्म है। असल सवाल यह है कि चित्रकूट के बच्चों को इस भट्टी में झुलसने से बचाने के लिए (फाइनल सुधार) कब आएगा।

### इमरजेंसी में मौत का इंतजाम

आपातकालीन स्थितियों में मां और नवजात की जान बचाने वाली अत्यंत महत्वपूर्ण दवाएं (ऑक्सीटोसिन, मैग्नीशियम सल्फेट और डेक्शामेथासोन) गायब थीं।जो दवाएं उपलब्ध थीं, वे एक्सपायर हो चुकी थीं, जिसकी भनक तक स्टाफ को नहीं थी।

### 12 साल का सुरक्षा कवच

मैदानी मॉनिटरिंग और आशा कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल बैठाने वाले ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर देवमुनी पटेल पिछले 12 वर्षों से इसी एक ब्लॉक मझगवां में अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं।इतने लंबे कार्यकाल के कारण ऐसा सुरक्षात्मक गठजोड़ बन चुका है कि मैदानी स्तर पर कुपोषण की ट्रैकिंग पूरी तरह ठप्प हो चुकी है और कोई इन्हें हटाने की हिम्मत नही करता।

# भ्रष्टाचार पर धुंधली परत चढ़ा पारदर्शिता को दिखा रहे ठेंगा

▶ कौंहारी सचिव का कारनामा

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 5 जून, एक तरफ मध्य प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस और डिजिटल इंडिया का दम भरते हुए हर धेले का हिसाब सार्वजनिक करने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों की धज्जियां उड़ा रही है।**

मझगवां जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कौंहारी में शासन की मंशा के विपरीत पंचायत दर्पण ऐप पर पारदर्शिता के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। बता दें कि यहां जनता के टैक्स के पैसे से होने वाले विकास कार्यों का हिसाब जनता के सामने रखने के लिए सरकार के पंचायत दर्पण पोर्टल जिसमे नियमत: हर भुगतान के साथ उसका मूल बिल स्पष्ट रूप से अपलोड होना चाहिए था किन्तु पंचायत के जिम्मेदारों ने इस व्यवस्था में सेंध लगाने का नया तरीका खोज निकाला है। यहां कार्यों के भुगतान के लिए जो बिल पोर्टल पर डाले जा रहे हैं, वे जानबूझकर इतने धुंधले रखे गए हैं कि उन्हें पढ़ना नामुमकिन है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत क्षेत्र में चल रहे या पूर्ण हो चुके कार्यों के भुगतान के लिए एक ही बिल को बार-बार फीड किया जा रहा है। बिल साफ नजर न आए, इसके लिए उसे तकनीकी रूप से धुंधला कर दिया जाता है ताकि कोई भी जागरूक नागरिक या जांच अधिकारी यह न समझ सके कि पैसा किसे दिया जा रहा है।यह सीधे तौर पर सरकारी सिस्टम और जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसा है। पंचायत सचिव और अन्य जिम्मेदारों की इस संदिग्ध कार्यशैली से ग्रामीणों मे भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत सीईओ मझगवां से मांग की है की कौंहारी पंचायत द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए सभी संदिग्ध और धुंधले बिलों की तत्काल जांच करवाई जाए।

# तालाब के पास किया गया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**कोटर 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वॉर्ड क्रमांक 11 स्थित रजहा तालाब के समीप पौधरोपण नगर परिषद कोटर के तत्वावधान में किया गया।**




इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने हेतु स्व सहायता समूह, कर्मचारीयों एवं नगर के जनप्रतिनिधियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक बैन संबंधी एवं पौधा संरक्षण हेतु शपथ ली गई और आम नागरिकों को वृक्षारोपण द्वारा पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाते हुए जागरूक किया गया। अभियान में मुख्य नगरपालिका अधिकारी डॉ पूजा द्विवेदी, नगरपरिषद कोटर अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, सभापति बबलू गौतम, पार्षद गण पंकज कुशवाह ,आंनद पाठक, राजमन कोल, केपी चौधरी, पार्षद कुंजी लाल और नगर परिषद कोटर के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक परिवार के दो बच्चों ने प्रथम प्रयास में आई आई टी में पाई सफलता

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 5 जून, अमरपाटन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक ही परिवार के पदस्थ मैहर जिले के कांशा निवासी शिक्षक विभूति भूषण द्विवेदी एंव आषुतोष दुवेदी के पुत्रो ने अपने पहले ही पयास में आई आई टी में सफलता दर्ज की हैं.**



चयनित छात्र उत्कर्ष द्विवेदी पिता विभूति भूषण द्विवेदी वा निष्कर्ष द्विवेदी पिता आशुतोष द्विवेदी ने स्कूली शिक्षा स्थानीय स्तर पर करने के बाद कोटा में कोचिंग कर सफल हुये है। शिक्षकीय परिवार से आने वाले दोनों ने अपनी इस सफलता के प्रेरणास्रोत बब्बा रिटायर्ड व्याख्याता तुलसी दास द्विवेदी वा शिक्षक चाचा पुण्डरी काक्ष द्विवेदी के साथ विद्यालीन शिक्षकों को दिया है।इनकी इस सफलता पर द्विवेदी परिवार समेत शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की का कामना की है।

# भाजपा की बैठक के उपरांत लगाए गए पौधे

नवभारत न्यूज

**मझगवां 5 जून, भारतीय जनता पार्टी जिला नेतृत्व के निर्देशन पर माह में एक बार होने वाली मासिक बैठक आज दिनांक को मंडल मझगवां की बैठक मुख्यातिथि पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रावेंद्र सिंह पटेल (पटवारी), जिला मंत्री लव सिंह धुर्वे की उपस्थिति में एव रमेश सिंह धुर्वे मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में मंडल मझगवा की बैठक पूर्वक सम्पन्न हुई।**

बैठक में पूर्व में किये गए कार्यो की समीक्षा एव आगामी कार्यक्रमो के विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।



इसके उपरांत आज 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सांदीपनि स्कूल मझगवां में एक पेड़ माँ के नाम के तहत छाया दार पौधे लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया गया। बैठक में अपेक्षित श्रेणी के अंतर्गत संजय सिंह आरख , निरंजन जायसवाल , राजकिशोर द्विवेदी , राहुल उपाध्याय , वीरेंद्र गुप्ता , भूपेंद्र जायसवाल अश्वनी पांडेय , शालीग जायसवाल , अवधेन्द्र मिश्रा, अरुण द्विवेदी , धुरु पांडेय , रमेश पयाशी, राम महेश यादव , धर्मराज प्रजापति , आशीष गौतम , हीरालाल , सुरेंद्र गुप्ता , शैलेंद्र सिंह , कमलेश गौतम , श्रीमती तीजिया बाई आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर अकहा में पौधरोपण

## शांति धाम को बनाया जाएगा हरित क्षेत्र

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस पर उचेहरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत अकहा में शपथ लेकर हरियाली की पहल की गई। ग्राम के शांति धाम परिसर पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।**

सरपंच अजय कोल व सचिव तरुण मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने श्रमदान कर पीपल, नीम, आंवला, गुलमोहर, बरगद सहित कई छायादार और औषधीय पौधे रोपे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और शांति धाम परिसर को हरा-भरा बनाना रहा। सचिव तरुण मिश्रा ने कहा कि पेड़ जीवन का आधार हैं। बढ़ते तापमान को देखते हुए हर व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए।सरपंच अजय कोल ने बताया कि शांति धाम को मॉडल हरित स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने रोपे गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया।हर पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी ग्रामीणों को दी गई। इस अवसर पर उपसरपंच शिवकुमार लोधी,पंच रामाधार साकेत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीता सेन,मनोज कोरी, अर्जुन साकेत, संतोष कोरी, सुनील प्रजापति, लल्लू लोधी, पुष्पेंद्र पांडेय, पार्वती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सब जेल नागौद में 10 पौधे लगाए



**नागौद 5 जून,** आज सब जेल नागौद में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 10 पेड़ लगाए गए और विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अनुविभागीय दंडाधिकारी पदेन जेल अधीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा , मोहम्मद जिलानी जिला विधिक सहायता अधिकारी मुख्तार अहमद सिद्दीकी ,वरिष्ट अधिवक्ता समाजसेवी एवं सुश्री शिखा पाठक अधिवक्ता उपस्थित हुए पर्यावरण संरक्षण पर सभी अतिथियों द्वारा वक्तव्य दिये गये। परिरूद्ध बंदियों से जेल से निकलकर एक व्रक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया गया। अंत में कमलेश राय सहायक जेल अधीक्षक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। स्टाफ में राजनारायन शुक्ला देवेन्द्र सिंह जीतेन्द्र द्विवेदी मयंक बड़ेवा राहुल रमन नायक आदि उपस्थित रहे।

### जनपद शिक्षा केन्द्र में मेगा अपार दिवस का होगा आयोजन

उचेहरा ।राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र में मेगा अपार दिवस का आयोजन प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर 01 से 30 जून के मध्य प्रत्येक शनिवार को किया जा रहा है, जिसमें अभिभावकों की सहभागिता आवश्यक है।मेगा दिवस में अभिभावक उपस्थिति होकर बच्चों की अपार आईडी बनवाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करें,जिससे उनके छात्र/छात्राओं को अध्ययन-अध्यापन में असुविधा न हो।

# मॉडल स्कूल रामनगर कैम्पस के अंदर धडल्ले से अवैध निर्माण जारी

▶ विद्यालय प्रबंधन से झगडे पर उतारू अवैध अतिक्रामक

नवभारत न्यूज

**रामनगर 5 जून, मैहर जिले के रामनगर नगर परिषद अंतर्गत मसमासी रोड पर संचालित शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बाउंडरी वाल कैम्पस के अंदर खेल मैदान में अर्शे से अवैध अतिक्रामक कुंडली जमा कर अवैध निर्माण करते हुए विद्यालय व छात्र/छात्राओं के विकास को अवरुद्ध कर रहेहै।**



अवैध निर्माण से मना करता विद्यालय प्रबंधन व सामने सुअर पालन के लिए बने घरौंदे, मॉडल स्कूल मैदान के बीच से गुजरती एचटी लाइन/ फैला अवैध अतिक्रमण व निर्माण कार्य हेतु मुकर्रर नगर परिषद रामनगर का जल टैंकर

आलम यह है कि सत्ताधारी सफेदपोशों की सरपरस्ती पर उसी कैम्पस के अंदर पिग फॉर्मिंग का धंधा भी प्रशासनिक अधिकारियों की छांव पर फल फूल रहा है,जिस सम्बन्ध में कई बार स्कूल शिक्षा विभाग,डीईओ,विद्यालय प्रबंधन सम्बन्धित जिले के दंडाधिकारी कलेक्टर,एसडीएम व नगरीय प्रशासन विभाग को सूचना,शिकायत पत्र भेज कर अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु निवेदन कर चुका है लेकिन वोट बैंक की राजनीति के चलते अतिक्रमण हटाने के नाम पर एक तिनका तक को नही उठाया जा सका और तो और रोज नए कच्चे पक्के निर्माण कराकर व्यवस्था को अंगूठा दिखाया जा रहा है,आलम यह है कि विगत 10-15 वर्षो के दौरान रामनगर आदर्श ग्राम डूब विस्थापित क्षेत्र में विस्थापित ग्रामो से बाहर के लोग,सरकारी सार्वजनिक जमीनों पर अवैध कब्जा करते हुए जबरजस्त निर्माण कार्य कर रहे है,शासकीय मॉडल स्कूल परिसर में पूरी बंसल कालोनी बस चुकी है जिसे बसाने में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका है,जिनके द्वारा विद्यालय की जमीन पर ही अवैध रूप से पीएम आवास भी स्वीकृत कर,वोट बैंक की फसल बोई गई है,एवम स्थानीय प्रसाशन की कथित तौर से सम्पूर्ण सरपरस्ती हासिल है,जिन्हें बिजली,पानी जैसी सुविधाएं लगभग मुफ्त में मिल रही है,और तो और विद्यालय परिसर की सुरक्षा व सफाई व्यवस्था पर यह अवैध अतिक्रामक भारी पड़ रहे हैं,मना करने पर विद्यालय प्रबंधन के साथ लड़ाई झगड़ा कर विवाद पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे विद्यालय प्रबंधन भी भयभीत है,वहीं उच्च व स्थानीय प्रशासन का कोई सहयोग न मिलने से अतिक्रामको के हौसले बुलंद हैं।

### इनका कहना है

नगर परिषद रामनगर अध्यक्ष श्रीमती दीपा दीपू मिश्रा ने बताया कि मैं दो तीन दिनों से बाहर हूं,जानकारी लेकर बताती हूं ।

# नगर परिषद चित्रकूट की जमीन पर अतिक्रमण



▶ मकान निर्माण की नहीं लगी प्रशासन को भनक

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 5 जून. धर्मानगर चित्रकूट के नगर परिषद वार्ड क्रमांक 4 की जमीन पर कथित अतिक्रमण का मामला सामने आया है। आरोप है कि अतिक्रमणकारियों ने नगर परिषद की भूमि पर कब्जा कर मकान तक खड़ा कर दियाए लेकिन नगर परिषद केजिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद की भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जे की गतिविधियां चल रही थीं।जो धीरे.धीरे निर्माण कार्यतक पूरा हो गयाए लेकिन संबंधित विभाग द्वारा समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि समय रहते कार्रवाई न होनेका प्रमुखहैकि नगर परिषद चित्रकूट में जितने भी कर्मचारी हैं वह स्थानीय लोकल के जो कहीं ना कहीं भाईचारा एवं मित्रता के चलते अनदेखा किया गया जोनगर परिषद की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।नागरिकों का आरोप है कि यदि समय पर निरीक्षण और निगरानी की जाती तो नगर परिषद की जमीन पर अवैध निर्माण नहीं हो पाता।लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा अतिक्रमण हटाने की मांग की है।वहीं इस मामले को लेकर नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी चर्चा में है।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और नगर परिषद की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए क्या कार्रवाई की जाती है

### वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा

चित्रकूट में इन दोनों अवैध कब्जा अवैध प्लाटिंग करने वाले भू माफिया व अवैध जमीन के कारोबारी राजस्व व वन विभाग की जमीनों पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं आज सुबह 4.00 बजे से ही मोकमगढ़ में पौराणिक किले के बगल से अवैध लेबलिंग की जा रही है जमीन की राजस्व व वन विभाग के अधिकारियों के नाक के नीचे अवैध रूप से लेबलिंग करके प्लाटिंग करने योग्य जमीन बनाई जा रही है किले के सुंदरीकरण और आसपास की जमीन को संरक्षित करने के पहल प्रशासन द्वारा की गई थी माफिया नदी व वन विभाग की जमीनों को भी नहीं छोड़ रहे हैं आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर लगाकर लेवलिंग का कार्य किया जा रहा है मोकमगढ़ में यह अवैध रूप से लेवल करके प्लाटिंग योग्य जमीन बनाई जा रही जबकि इस जमीन में कुछ हिस्सा वन विभाग का और कुछ राजस्व का बताया जा रहा है.



# विश्व पर्यावरण दिवस पर सांदीपनि विद्यालय बगहा में वृक्षारोपण हुआ

नवभारत न्यूज

**सतना 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बगहा सतना में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ जिलास्तरीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।**

इस अवसर पर सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी जिला सतना गिरीश अग्निहोत्री, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी,सोहावल बीईओ सुश्री आयुषी अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, पार्षद बगहा अभिषेक( अंशू) तिवारी तथा विद्यालय के प्राचार्य रघुवंश प्रसाद मिश्रा सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, जैव विविधता के संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के प्रति जागरूक किया गया। सभी उपस्थित जनों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के आधार भी हैं। स्वच्छ व हरित वातावरण के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।विद्यालय द्वारा आयोजित यह वृहद वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने "एक पेड़ माँ के नाम" तथा "हरित सतना, स्वच्छ सतना" के संकल्प के साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर कार्य करने का संदेश दिया। विद्यालय परिसर पौधारोपण से हरितिमामय हो उठा और विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# युवा व्यापारी युवक मंडल की नई कार्यकारिणी निर्वाचित

नवभारत न्यूज

**कोठी 5 जून, युवा व्यापारी युवक मंडल, कोठी का 11वां वार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें सतीश गुप्ता अध्यक्ष, पीयूष अग्रवाल सचिव एवं अमित चंद्र गुप्ता कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए ।**



संस्था की नई कार्य समिति में उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र गुप्ता मनु,भूपेंद्र सिंह बरगाही, आशीष लखेरा, शिवम अग्रवाल, संजय कुमार सोनी, शिवा सोनी, अरुण सोनी, कपिल कौशल, राकेश गुप्ता, अमन गुप्ता निर्वाचित हुए।

निर्वाचन पदाधिकारी एवं मार्गदर्शक के रूप में बृजेंद्र सिंह अलोपी श्रीवास्तव एवं कैलाश गुप्ता मौजूद रहे. कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनिंदर सिंह, प्रदुमन अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, टीपू अग्रवाल, संदीप गुप्ता,मनीष लखेरा, रामकृपाल कचेर, अनिरुद्ध कचेर, केवल राम यादव, पुष्पेंद्र खटिक आदि मौजूद रहे।

# नप ने पार्क में लगाए 50 आंवला के पौधे

नवभारत न्यूज

**नागौद 5 जून, राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर नगर परिषद नागौद द्वारा शहर को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा सिंह की गरिमामई उपस्थिति में पन्ना रोड स्थित पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




पौधारोपण कार्यक्रम में पार्क में 50 नग आंवला के पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण उपरांत अध्यक्ष ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल पौधा लगाना ही हमारा कर्तव्य नहीं है, बल्कि उसका पालन-पोषण कर उसे पेड़ बनाना हमारी असली जिम्मेदारी है। उन्होंने हर नागरिक से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। उक्त अवसर पर वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद श्रीमती श्यामा सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह, उपयंत्री अभिषेक शर्मा, निकाय के समस्त कर्मचारियों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।